भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3869
6/4/2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

'सफर' पोर्टल के माध्यम से महानगरीय शहरों की वायु गुणवत्ता का अध्ययन

3869. श्री मोहम्मद नदीमुल हक:

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि 'सफर' (वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान प्रणाली) ने दीपावली के बाद चार शहरों नामत: दिल्ली, अहमदाबाद, पुणे और मुंबई में वायु प्रदूषण पर एक अध्ययन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:

(ग) क्या सरकार भारत की वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के एक भाग के रूप में सफर पहल के अंतर्गत देश के सभी महानगरीय शहरों को शामिल करने की योजना बना रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क)- (घ) वर्ष 2022 के दौरान किए गए SAFAR अध्ययन के अनुसार दिल्ली, अहमदाबाद, पुणे एवं मुंबई नामक चार शहरों में वायु प्रदूषण में वृद्धि देखी गई थी। सामान्य तौर पर सभी शहरों में, वायु प्रदूषण के दृष्टिकोण से अनुकूल मौसम था। बायोमास जलाने के कारण भी वायु प्रदूषण में वृद्धि हुई। दिल्ली में पराली जलाने के कारण उसका धुंआ लंबी दूरी तक जाने के प्रभाव भी देखे गये।

******